उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड
''पर्यावरण भवन'', टी0सी0–12वीं, विभूति खण्ड,
गोमती नगर, लखनऊ–226010

पत्र सं0 478416 / स्वीकृत बजट / लेखा / 2022–23 दिनांक 14-7-22

कार्यालय–ज्ञाप

दिनांक 30 जून, 2022 को सम्पन्न हुई बोर्ड की 107वीं बैठक की कार्यसूची संख्या–107.22.01 पर प्रदान की गयी स्वीकृति के परिप्रेक्ष्य में बोर्ड कार्यों के सुचारू एवं त्वरित निष्पादन के दृष्टिगत बोर्ड की 101वीं बैठक की कार्यसूची संख्या–101.10 में प्रतिनिधानित किये गये वित्तीय अधिकारों को संशोधित करते हुए बोर्ड के सदस्य सचिव को रू0 20,00,000/–(रूपयें बीस लाख मात्र), मुख्य पर्यावरण अधिकारी (प्रशासन) को रू0 5,00,000/–(रूपयें पाँच लाख मात्र) एवं समस्त क्षेत्रीय अधिकारी/क्षेत्रीय अधिकारी (प्रभारी) को रू0 1,00,000/–(रूपयें एक लाख मात्र) धनराशि के आवर्तक एवं अनावर्तक व्ययों की स्वीकृति प्रदान करने हेतु अधिकृत किया जाता है।

उक्त के सम्बन्ध में बोर्ड द्वारा पूर्व निर्गत कार्यालय ज्ञाप संख्या–जी27947/32/2018/20, दिनांक 27.07.2018 को बोर्ड द्वारा उपरोक्तानुसार लिये गये निर्णय के परिप्रेक्ष्य में उक्त सीमा तक संशोधित समझा जाये।

उपरोक्त आदेश तुरन्त से प्रभावी होंगे।

ह0/–
(अजय कुमार शर्मा)
सदस्य सचिव

पृ0सं0 एवं दिनांकः उपरोक्तानुसार।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अध्यक्ष महोदय के निजी सहायक।
2. समस्त नियंत्रक अधिकारी, बोर्ड मुख्यालय/समस्त क्षेत्रीय अधिकारी/क्षेत्रीय अधिकारी(प्रभारी)।
3. लेखा–प्रभारी।
4. वेब मास्टर, बोर्ड मुख्यालय को विभाग की वेबसाईट पर प्रदर्शित किए जाने हेतु।
5. गार्ड फाईल।

(राजेन्द्र सिंह)
मुख्य पर्यावरण अधिकारी(प्रशा0)